कोटा बूंदी लाइन के बारे में आप ने बड़ा लम्बा चौड़ा स्टेटमेंट दे दिया है । यह भी खूब रही बच्चा पैदा नहीं हुआ लेकिन उसकी शादी का खर्चा पहले से ही जोड़ कर रख दिया गया । आप ने कहा है कि यह रेलवे लाइन अलाभकर होगी लेकिन मैं उन से जानना चाहूंगा कि वह कैसे अलाभकर होगी ? बूंदी से कोटा तक कम से कम 40 मोटरें चलती हैं और उन में चलने वाले सारे पैसेंजर का हिसाब अगर जोड़ा जाय तो आप की यह जो नई लाइन बनेगी उस के हिसाब से साल भर में यह लाइन बनाने पर खर्च होने वाला रुपया अदा हो सकता है । बूंदी में जो सीमेंट फैक्टरी लगने वाली थी वह उसी लाइन के अभाव के कारण वह सीमेंट फैक्टरी आज बन्द हो गई । उस का सामान सारा उठा कर ले गये । राजस्थान के बारे में रेलवे मंत्रालय द्वारा जो उपेक्षा बर्ती गई है उसके लिए मेरा सख्त विरोध है ।

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

वह गोना भक्मी लाइन अभी तक अधूरी पड़ी हुई है । मैं चाहता हूँ कि उसे जल्द पूरा किया जाय । राजस्थान के बारे म यह जो उपेक्षा वृत्ति और नाइंसाफ़ी रेलवे मंत्रालय द्वारा निरन्तर बरती जा रही है वह सर्वथा अनुचित है और मैं चाहता हूं कि राजस्थान के साथ इंसाफ़ किया जाय । राजस्थान में जितनी मीटर-गेज लाइंस हैं उन को ब्रौडगेज किया जाय । तेज चलने वाली गाड़ियों में यह जो आप के द्वारा फर्स्ट क्लास के डिब्बों को बढ़ाने का प्रस्ताव है उस के लिए मेरा कहना है कि क्या तेज़ रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों में थर्ड क्लास के पैसेंजर नहीं होते हैं ? बजाय इसके कि तेज़ रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों में आप फर्स्ट क्लास के डिब्बे और ऐयर कंडिशंड कोचेज बढ़ाते थर्ड क्लास के डिब्बे आप को बढ़ाने चाहिए थे । इन सब कारणों से मैं रेलवे की इन सप्लीमेंट्री डिमांड्स का घोर विरोध करता हूं ।

श्री सरजू पाण्डेय (गाजीपुर): मैं ने अभी मुरादाबाद जिले का दौरा किया था। मुझे वहां पर बतलाया गया कि सम्भल की जनता ने रेलवे मंत्री महोदय के पास ज्ञापन दिया है जिसमें उन्होंने मुरादाबाद से सम्भल तक वाया हसनपुर रेलवे लाइन बनाने की मांग की है । यह मुरादाबाद से सम्भल तक गजरौला से सम्भल तक रेलवे लाइन बनाने का प्रश्न लगभग 4 साल से विचाराधीन है लेकिन उस दिशा में अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई हैं । मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या अभी भी यह सम्भल से मुरादाबाद वाया हसनपुर रेलवे लाइन बनाने की योजना रेलवे मंत्रालय के विचाराधीन है या नहीं और यदि है तो वह कब तक बन जायेगी ?

आल इंडिया रेलवे गार्डस यूनियन ने यह मांग की है कि उन्हें भी ट्रेवलिंग एलाऊंस रेलवे इंजन ड्राइवर्स के अनुरूप दिया जाय तो इस सम्बन्ध में मंत्री महोदय की क्या प्रतिक्रिया है यह दो मेरे प्रश्न हैं जिनका कि मैं चाहता हूं कि रेलवे मंत्री महोदय जवाब दें ।

14.40 Hrs.

[Mr. Deputy Speaker *in the chair*]

श्री ओंकार लाल बोहरा (चित्तौड़गढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, रेलवे मांगों की बात जब चलती है तब सभी लोग अपने-अपने राज्यों की चर्चा करते ही हैं । मैं आप के द्वारा रेलवे मंत्री श्री पुनाचा से यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह ठीक है कि विरोधी दलों के मित्रों ने रेलवे की मांगों का विरोध किया है, लेकिन मैं रेलवे की मांगों का समर्थन करते हुए उन्हें विश्वास दिलाऊंगा कि रेलवे की जो मांगें हैं वह तो पूरी होनी ही चाहिये लेकिन जो कई प्रकार की कठिनाइयां राजस्थान के साथ जुड़ी हुई हों उन की ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिये ।

जैसा मैं ने पिछली बार रेलवे बजट पर बहस के दौरान निवेदन किया था राजस्थान में, जो कि बार्डर प्राविंस है, जिस की सीमायें पाकिस्तान के साथ मिली हुई हैं, जो भी बड़े-बड़े शहर हैं वह मीटर गेज से जुड़े हुए हैं । आज 24 घंटों में लोग दिल्ली से कलकत्ते जा सकते हैं, लेकिन मुझ को उस से भी आधा फासला तय करने में चौबीस घं लगते हैं । आज दिल्ली से उदयपुर जाने के लिये अजमेर और चित्तौड़गढ़ पर गाड़ियां बदलनी पड़ती हैं । इस का मतलब यह हुआ कि हम आज बड़े-बड़े शहरों के लिये तो तेज रफ्तार की गाड़ियां चलाने की व्यवस्था करते हैं, लेकिन जो छोटे-छोटे शहर हैं उन को उपेक्षा की दृष्टि से देखते हैं । मुझे खास तौर से यह चीज निवेदन करनी है कि यहां पर पैसे का सवाल नहीं है । रेलवे बोर्ड को अपनी नीति बदलनी चाहिये । नीति

यह होनी चाहिये कि अधिकाधिक जनता को लाभ मिले, अधिकाधिक जनता को सुविधा मिले । हमारा यह दृष्टिकोण होना चाहिये कि करोड़ों लोगों की सेवा रेलवे द्वारा हम कैसे कर सकेंगे ।

मैं कोटा चित्तौड़गढ़ रेलवे लाइन के बारे में मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि उन्होंने कहा कि वह लाइन अलाभकारी है । लेकिन उन को पुन: उस का सर्वे कराना चाहिये । उस के अलाभकारी होने का कोई सवाल नहीं है । आज वहां पर चम्बल बोर्ड हो गया है, वहां पर ऐटिमिक एनर्जी पावर स्टेशन हो गया है । मैं नहीं समझता कि इस इलाके में लाइन निकालने से कोई नुक्सान होगा या वह अलाभकारी होगा । इस लिये राजस्थान के अन्दर रेलवे व्यवस्था के बारे में जो अन्याय पहले हुआ है उस को दूर कर के खास तौर पर मीटर गेज पर जो बड़े-बड़े शहर हैं वहां पर ब्राड गेज लाया जाये ।

साथ ही एक निवेदन मैं और करना चाहता हूं कि उदयपुर से एक डिब्बा सीधा दिल्ली लाया जाये । आज जोधपुर दिल्ली से जुड़ा हुआ है, बीकानेर दिल्ली से जुड़ा हुआ है । लेकिन उदयपुर जाने के लिये दो जगह गाड़ी बदलनी पड़ती है । अच्छा यह होगा कि जिस तरह से अहमदाबाद से मारवाड़ होकर दिल्ली गाड़ी जाती है उसी प्रकार एक गाड़ी जो अलग-अलग टुकड़े पड़े हुए हैं उन को जोड़ने के लिये अहमदाबाद से मावली जंकशन हो कर दिल्ली तक जाया करे ।

श्री महाराज सिंह भारती (मेरठ) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ दो सवाल करना चाहता हूं । ब्राड गेज लाइन में शाहदरा सहारनपुर लाइट रेलवे पड़ी हुई है इसलिये इस इलाके का डेवेलपमेंट रुका हुआ है । यह लाइन मार्टिन वर्न की है और उस को ब्राड गेज मार्टिन बर्न कम्पनी कभी नहीं बना पायेगी । मंत्री महोदय का कब तक उस को राष्ट्रीयकरण कर के ब्राड गेज बनाने का विचार है ।

दूसरी बात यह है कि दिल्ली राजधानी है, लेकिन उस की बदकिस्मती है कि उसका अपना कोई इलाका नहीं है । पड़ोसी राज्यों की जमीनों को ले कर उस की मास्टर प्लैन बन रही है । दिल्ली की जो मास्टर प्लैन बन रही है उस के हिसाब से उस की आबादी 80 लाख की होने जा रही है । मैं जानना चाहता हूं कि क्या रेलवे विभाग ने कोई रेलवे की मास्टर प्लैन बनाई है ? अगर बनाई है तो 80 लाख की जो आबादी होगी, क्योंकि उस के अन्दर मेरठ, बुलन्दशहर, हरियाणा के ढाई जिले और राजस्थान का कुछ भाग होगा, उस को रेलवे की पूरी सुविधा मिल सके इस के लिये आप के पास क्या उन को कनैक्ट करने के लिये और उस को डबल लाइन करने के लिये कोई मास्टर प्लान है ।

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA): I have come before the House seeking approval of the House to a small supplementary demand amounting to Rs. 2.70 lakhs for the year 1968-69.

As explained already in the papers that I have circulated, these are in respect of certain unforeseen items of expenditure arising out of court decisions for which certain sums will have to be provided—in the Budget this amount was not provided for; and secondly, in the course of the year we have plans of new services, some new works, for which also a token provision is needed; for both of these, we have come before this House for sanction of Rs. 2.70 lakhs as supplementary demands for the current year; of these, about Rs. 1.66 lakhs are for recoupment of charged expenditure incurred in excess and Rs. 1.04 lakhs are token demands for obtaining Parliament's approval for certain new services, etc. The details of services and other things has been explained in the papers that have been circulated,

and I am sure that the hon. Members have no objection to these supplementary demands.

In the course of the discussion certain broad points have been raised; I would particularly like to take up three points. First thing is about increasing incidence of accidents. There seems to be an impression going round that the accidents on the Indian railways have increased, while the facts are not so. It is a poor appreciation of the facts that are available with the hon. Member.

Regarding accidents, they are of four categories :

(i) track failure, derailment; (ii) level-crossing accidents; (iii) fire in running trains; and (iv) collision...

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna) : Why not bring them to the old level ?

SHRI C. M. POONACHA : For that somebody else is required here and not any one from the Congress Party.

Of these four types of accidents, in respect of fire, in respect of level-crossing accidents and in respect of derailment, the number of accidents has come down to an all-time low figure, but in respect of collision, unfortunately there has been an increase. If I could take the time of the House to explain briefly the incidence of accidents at least comparing it with the first four months' period of the previous 3 years, one could see that, as against 388 accidents we had from 1-4-1967 to 31-7-1967, we have 329 accidents during the corresponding period this year. This includes all accidents, and I might again repeat that; so far as the other types of accidents are concerned, they have been duly controlled but in respect of collisions, unfortunately there has been an increase. I admit this fact. We are going into this matter very thoroughly. Unfortunately there is little appreciation of the factors that the railways have got to contend with in their day-to-day operations. Let us take, for example, the Gujarat floods. What has happened there, how we have been tackling that—nobody has said a word in respect of these things. The flood conditions, the drought conditions, the scarcity conditions and a variety of conditions, lay a heavy strain on the day-to-day operations of the railways which need to be appreciated in their correct perspective .. (*Interruptions*)

SHRI ZULFIQUAR ALI KHAN (Rampur) : We all appreciate, but that is your job.

SHRI C. M. POONACHA : That is our job and we are doing that.

Similarly, there have been occasions when heavy strains have been put on the daily working of the railways. I will give one instance here. This year we had to move extra foodgrains in excess of our capacity from Punjab and Haryana to the other scarcity areas, and in three months' time we had to handle the movement of as much as 13 lakh tonnes of foodgrains which was not a normal programme, and that has been done to the entire satisfaction of the departments concerned and the State Governments concerned. I have noted with great interest Shri D. N. Patodia's reference to wagon utilisation. The wagon utilisation ratio depends much upon the pattern of commodity traffic that we handle. In order to work a programme of 13 lakhs tonnes movement from a particular area within a certain period, hon. Members should appreciate to what extent the empties will have to be worked back without load. We cannot always wait for traffic for the empties. If we had not worked the empties back without load, we would never have been able to handle this much of traffic well in time. So, these are the inherent problems which confront the railways in arriving at certain norms of utilisation of wagon capacity and utilisation of engine capacity.

14.51 HRS.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

Knowing my hon. friend as I do, I need not bother him or the House with all the other details. But the pattern of traffic has been such that we have got to work back the empties over long distances and, therefore, the utilisation ratio does come down. If my hon. friend had appreciated the pattern of traffic that we were handling, this point would not have been made.

Next, I want to come to the point regarding shift in traffic to the roadways from the railways. I accept it. I admit

it. It is a fact and that only indicates the developments that we have made all round. The roads have been developed and transport capacity has been developed and they are meant to carry traffic. But my hon. friends should remember that the freight rate on the railways has been fixed on a rational basis. It differs from commodity to commodity. There is the low-rated traffic and there is also the high-rated traffic. For the road haulier there is no low-rated or high-rated traffic, he works on the milage basis. He charges according to the distance run, which is not the case with the railways. Further, on the railways, the industrial raw materials, the essential requirements of the community and the priority items are being moved at concessional rates. No road haulier does that. He takes away the cream of the traffic, and what is left to the railways is low-rated bulk traffic. Nobody is houling stones or salt by road, because with the roadways that does not work. So, all that traffic comes in an increasing measure to the railways. The cream of the traffic, that is, the high-rated traffic is taken away by somebody else, and that is called efficiency. No, it is not so; if the railways were to charge the same rate, then I can assure you that the earnings of the railways would be much better. But the railways have a purpose. They have got to serve the interests of the nation. They have got to serve the interests of the community. They have got to look to the social service aspect also. So, the freight rates that have been fixed are such that they could not be said to be purely commercial. They are no doubt commercial in certain respects, but they are also welfare-oriented in some respects, and they perform a real service to the community and to the economy of the community by and large. So, the matter will have to be viewed from this angle. I am having the entire freight structure re-examined. The moment I say that I am getting it re-examined, immediately Members will say 'Yes, you have an idea of putting up the freights'. That is not so. If we want to rationalise the freight structure on the railways in relation to what is available in the other sectors of transport industry, then I welcome such a thing. I think the time has come when we shall have to have such a revision and re-assessment.

Third point is with regard to new lines and the conversion of metre gauge into broad gauge, we have been looking into this question from the overall transport movement angle. The greatest bottlenecks that we have in the railways are the various transhipment points where there is break in gauge. That hampers the free flow of traffic. Therefore, a plan has been drawn up to convert metre gauge into broad gauge on a particular pattern so as to ensure free and uninterrupted movement from north to south, from east to west, and from port to port and from big industries to other industries. With this background we have drawn up a plan and that entails the conversion of about 3400 k.m. length of rail traffic which would cost about Rs. 170 crores. It is currently being examined by the Planning Commission and also in the planning directorate, and we are going to take it up on a phased basis and such of the conversion as required for the free and uninterrupted flow of traffic for essential requirements is also being attended to.

With regard to labour, hon. Members have been saying that labour is not thoroughly satisfied and that labour is dissatisfied, and they have also said that every section of labour should be given an opportunity of being listened to. My difficulty is this. In an organisation with 14 lakhs railwaymen working, to have more than one union is itself a difficult problem. We have two recognised unions on the railways and they have all the negotiating facilities. There is the permanent negotiating machinery, and then there is the joint consultative machinery and all these facilities are available.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli) : All of them have failed.

SHRI C. M. POONACHA : But there are certain sectional unions also. How many sectional unions can we afford to have on the railways ? We have got about 170 categories or types of workmen on the railways. Can we at any time envisage a situation where there will be sectional unions representing all sections of the railwaymen ? That will introduce chaos into the working of the railways.

SHRI NAMBIAR : He can introduce the ballot system for recognition of unions.

SHRI C. M. POONACHA: That will create so much of inter-sectional friction. Already, there is clash of interests. As a matter of fact, my hon. friend is the president of the Firemen's council....

AN HON. MEMBER: No, he is not.

SHRI C. M. POONACHA: There is also the drivers' council.

The drivers feel that the firemen have not been taking orders from them. There is thus no co-ordination between them. There is an element of friction between them. That is being fomented by certain people and that affects the operation of the railways, but the blame is being put on the railways. This is a very strange type of logic. Therefore, I cannot accept the contention of my hon. friend.

There will have to be a stage when we might perhaps have to think of having a single union in order to see that the railwaymen's interests are safeguarded fully according to the rules and procedures and the law of the land. Then only we shall be able to ensure the smooth and efficient working of the railways. Fomenting sectional unions may be a matter of interest for a particular Member or a particular group of persons. But speaking in the interests of smooth working of the railways, I would plead with the hon. Members of the House that it is high time that we gave serious thought to the interest of labour and the interest of the organisation and we facilitated the formation of a single labour union so that the interests of the workmen could be safeguarded and the working of the railways could be ensured on a proper footing. With these words, I commend the Demands for the acceptance of the House.

MR. SPEAKER: I shall now put the cut motions to vote.

All the cut motions were put and negatived.

MR. SPEAKER: The question is:

"That the respective Supplementary sums not exceeding the amounts shown in the third column of the order paper be granted to the President to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1969, in respect of the following Demands entered in the second column thereof, *viz.* Demands Nos. 2 and 15."

The motion was adopted.

---

15 HRS.

MOTION RE. STATEMENTS OF DEPUTY PRIME MINISTER ON HIS SON'S BUSINESS CONNECTIONS

MR. SPEAKER: We will now take up the Motion tabled by Shri Madhu Limaye.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara): Before you call upon Shri Limaye, may I point out that there is a half-hour discussion scheduled for today in my name? I wonder if it would be possible to have it taken up on the 23rd, if convenient to you, instead of today.

MR. SPEAKER: We will postpone it today and have it taken up some other day.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : अध्यक्ष महोदय आपकी इजाजत से मैं निम्न प्रस्ताव आप की और सदन की खिदमत में पेश करना चाहता हूँ कि :

"इस बात को ध्यान में रखते हुए कि उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री ने अपने पुत्र/निजी सचिव के व्यापारिक सम्बन्धों के बारे में न केवल एक बार बल्कि दो बार 30 अप्रैल, और 24 जुलाई, 1968 को सभा में मिथ्या वक्तव्य दिए और इस बात को भी ध्यान में रखते हुए कि प्रधान मंत्री ने उन्हें त्याग-पत्र देने को नहीं कहा, यह सभा एतद्द्वारा उप-प्रधान मंत्री और प्रधान मंत्री के आचरण का निरनुमोदन करती है।"

अध्यक्ष महोदय, आज की बहस में व्यक्तिगत द्वेष, ईर्ष्या और बदले की भावना बिलकुल नहीं है।........ (**व्यवधान**)...... नहीं है, नहीं है। सवाल है सिद्धांतों की रक्षा का, आदर्शों की प्रतिष्ठापना......

SHRI RANE (Buldana): I rise to raise points of order on the Motion just moved by Shri Limaye.

AN HON. MEMBER: Under what rule?

SHRI RANE: I am quoting the rule..

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY: He can do so after Shri Limaye has made his submissions and you have placed the Motion before the House.

MR. SPEAKER: Probably for his moving the Motion itself he is taking objection. Let us hear him.

SHRI NATH PAI (Rajapur): There can be only one point of order at a time, not points of order.

SHRI RANE: My submission is that under article 75(2) and (3) of the Constitution, this motion cannot be taken up. Secondly, a Motion cannot be admitted as long as there is no specific rule to that effect, and without a prescribed form. Even under existing rule 186, it is barred. The next objection is to its form and wording. I submit that the form of the Motion moved by Shri Limaye is contrary to our usual practices and conventions. You have admitted this Motion under rule 189. Till 12th August, about 139 Motions have been admitted by you. If you look to the form and wording of this Motion, it is contrary to those practices and conventions.

Before elaborating my points of order, I want to make some general observations.

Sir, your decision to admit and fix a date for the discussion of this Motion is, in my humble opinion, of far-reaching consequences for the future. It will affect not only the working of this House but the working of State Legislatures. It will also affect perhaps about 500-700 Ministers, individual Ministers in this country.

AN HON. MEMBER: And their sons also.

SHRI RANE: Therefore, I appeal to you, to the whole House and to Government also to give very careful consideration to this question.

AN HON. MEMBER: That has been given.

SHRI RANE: I submit in all humility that perhaps when you admitted it and the Government gave their consent to it, the consequences of this for the future were not fully realised.

SHRI NAMBIAR (Tiruchirappalli): We do not want Government's consent.

SHRI RANE: From the constitutional point of view, the motion is contrary to the provisions of article 75, clause (2) of which says:

> "The ministers shall hold office during the pleasure of the President",

while clause (3) says:

> "The Council of Ministers shall be collectively responsible to the House of the People"

Looking at the substance of the motion of Mr. Limaye, I submit that it is nothing but a backdoor motion of no-confidence, as in that motion he has tried to spot out the Deputy Prime Minister and the Prime Minister and he wants that the House should express its disapproval of their conduct. My submission is that under our Constitution, no individual Minister can be held responsible to the House.

In this connection, I also draw your attention to the Commentary of Mr. Basu on article 75. I shall only refer to page 456 (1965 edition) where he says that there is no provision in our Constitution for the individual responsibility of the Ministers to Parliament and that in conformity with article 75 of the Constitution and Rule 198 of the Rules of Procedure, it is a collective responsibility. At the same time he points out that in England individual Ministers are responsible to the House of Commons. So, here, in view of the specific provision of the Constitution, I submit that there is no provision under which the conduct of an individual Minister or Ministers can be questioned by a motion.

Sir, I do not know how you have categorised this motion, as a censure motion or a no-confidence motion. Even if you have categorised it as a censure motion, I like to draw your attention to page 303 of *May's Parliamentary Practice*, 1964 edition, where it says that a motion of lack of confidence in the Government is called a vote of censure. So, even if you have categorised it as a censure motion, it can only be taken as a motion of no-confidence. So, even if you have categorised

it as a censure motion, it must fulfil all the requirements and formalities laid down in Rule 198. Under Rule 198, if you find that a motion is in order, it must be put to the House for leave and if more than 50 persons rise in their seats, then only it can be admitted. So, my submission is that for this motion this formality has not been observed, and therefore it is not admissible.

My additional point is this. My submission is that you have admitted this motion under rule 189. When you categorise a motion as no-day-yet-named motion, Rule 198 casts obligation on you to circulate it to the Members. But the substantive rule is 186. I object to this motion being moved and I base my objection on rule 186(4) and (6). Sub-rule (4) says that it shall be restricted to a matter of recent occurrence. Even the wording of the motion says that it relates to a statement on the 30th April and 24th July. By no stretch of imagination can it be said that it is a recent occurrence. Again, sub-rule 6 says that it shall not revive discussion of a matter which has been discussed. You know and the whole House knows that a discussion had taken place on 24the July. Mr. Madhu Limaye raised on 24th July privilege motion and wanted it to go to the Privileges Committee. On the 24th July everything was discussed. There is nothing new that will be discussed by this motion. He categorised the statement made by the Deputy Prime Minister as misleading. I do not know what Hindi word he has used now. Not only that. In his speech he demanded the resignation of the Deputy Prime Minister and the Deputy Prime Minister replied at great length and said : 'I am not going to oblige Mr. Madhu Limaye by resigning on his asking. But if the Prime Minister wants me to do so, I shall do so'.

MR. SPEAKER : You are going into details now; they have been discussed already.

SHRI RANE : My submission is that all these points had been discussed then. There is nothing new. This motion cannot be called a new motion by any stretch of imagination.

As regards the form, I should request you to refer to rules 60 and 61 which prescribe the form in which adjournment motions should be moved. Then there are rules which say clearly that it should be couched in decent language. This is an important motion no doubt. I also draw your attention to Rule 209 which lays down the procedure with regard to cut motions expressing disapproval of policy. There should also be a prescribed form for such motion as that of Shri Limaye. My submission is that this motion does not conform to any of the forms of motions prescribed by our rules and hence on this ground also, this cannot be admitted.

Sir, of course, I have no objection to discuss this matter because I have learnt that the Government is keen that the matter should be discussed. But my point is that as long as this motion is not amended to conform to prescribed forms of no-day-yet-named motions, it cannot be discussed in this House in the present form and wording. That is my submission.

MR. SPEAKER : All these aspects had been considered. It is not as though I just agreed to that. We went into the rules. It is not a no-confidence motion where I should put it to the House and ask fifty Members to rise in their seats. Here is a censure motion. The Speaker may naturally admit it. But Government must find time. The Leader of the House has to find time for discussion of this motion. Call it no-day-yet-named motion or whatever it is. Under rules 184 and 185 there are a number of opportunities for the Speaker to admit a motion. But time can only be fixed by the Leader of the House and the Government. In the case of a no-confidence motion, the Speaker has got full power and immediately he puts it to the House and fifty persons get up and then it is discussed. But this is a censure motion which has been admitted and time is found only by the Leader of the House and the Government. Naturally, I secured the consent of the Leader of the House, and she has agreed also for this being discussed on a particular date and at a particular time. After all, when it is discussed not only here in the House but outside also, in the press, it is good that it is thrashed out on the floor of the House and an opportunity is given to hon. Members on both sides of the House to

speak about it, instead of every day,—(*Interruption*)

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central) : Article 75 must also be taken into consideration because he has raised a very valid point.

MR. SPEAKER : Order, order. I am on my legs. They are valid ; whether the motion that is admitted is valid or not. Naturally, it is not a no-confidence motion, as I said earlier, where I should put to the House and then secure permission. It is a censure motion which has been admitted, and the Government also has found time, There is nothing illegal in this. Government can certainly take courage in both hands and say, "No, we want to discuss this matter here." And it is good for the House also to discuss it, instead of some hush-hush or some news coming up every day which is neither desirable nor good for democracy and the country. It gives an opportunity for Morarjibhai and others also to make a reply. Therefore, let us proceed with this.

I would appeal to Members on both sides of the House to raise it to a level where we shall discuss it without excitement and without hitting below the belt, either this side or that side. Mr. Madhu Limaye.

SHRI K. NARAYANA RAO (Bobbili) : Sir, a point of order.

MR. SPEAKER : Is it a point of order ? I do not want any assistance. I have given my ruling.

SHRI K. NARAYANA RAO : Just one word. (*Interruption*)

SEVERAL HON. MEMBERS *rose*—

MR. SPEAKER : Order, order. Let me hear him; let us see what his point is.

SHRI K. NARAYANA RAO : We are all interested in knowing the facts; I have nothing against that aspect of the matter. But the mischief has been manoeuvred so that the name of the Prime Minister could also be brought in, in this particular context. (*Interruption*)

MR. SPEAKER : No, no. It is over. I have given my ruling. There is no point of order. Shri Madhu Limaye.

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, जैसाकि मैंने प्रारम्भ में ही कहा था—आज की बहस में व्यक्तिगत द्वेष, ईर्ष्या और बदले की भावना का सवाल नहीं है........ (**व्यवधान**)......सवाल है सिद्धान्तों की रक्षा का, आदर्शों की प्रतिष्ठापना का, और स्वस्थ लोकतान्त्रिक परम्पराओं के निर्माण का । इस का फैसला, अध्यक्ष महोदय, सिर्फा संख्याबल से यहां पर नहीं होगा, अन्तिम फैसला तो जनता की अदालत में ही होगा । अगर उप-प्रधान मंत्री आज इस्तोफा देंगे तो जोत मेरी नहीं होगी, जीत होगी नैतिकता की, इस सभा की, लोकतन्त्र की और स्वयं श्री मोरारजी देसाई को । इसलिये आज की बहस में हमें न गाली-गलौज करनी चाहिये, न व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप करने चाहियें । जब उप-प्रधान मंत्री जी से मैं इस्तोफे की मांग करता हूं, तब मेरा यह मतलब नहीं है कि वह बेइमान हैं या देशद्रोही हैं या व्यक्तिगत रूप से रिश्वतखोर हैं । मैंने हमेशा श्री मोरारजी देसाई का आदर किया है, आज भी रुपये पैसे के मामले में उनकी नीयत पर मैं शक नहीं कर रहा हूं, लेकिन अफसोस के साथ आज मुझे कहना पड़ रहा है कि असत्य बात करने के वे अपराधो हैं और अपनी भूल गल्ती और अपराध को छुपाने के लिये वे लगातार असत्य भाषण करते चले जा रहे हैं ।

इस वक्त हमारे सामने सिर्फ तीन सवाल हैं—पहला—उप-प्रधान मंत्री के द्वारा सदन को बार-बार जानबूझ कर गुमराह किया जाना, दूसरा—उप-प्रधान मंत्री द्वारा पद ग्रहण के पश्चात् भी अपने लड़के को प्राइवेट सैक्रेटरी बनाये रखने का औचित्य और तीसरा—मंत्रियों के नजदीको रिश्ते-दारों का उन के नाम का इस्तेमाल कर सम्पत्ति इकट्ठा करने का प्रयास—ये तीन सवाल हैं । आपको याद होगा 30 अप्रैल को उप-प्रधान मंत्री जी ने तीन-चार बार सदन को कहा था कि उन के लड़के ने सारे कारोबारों

[श्री मधु लिमये]

और व्यापारी रिश्ते छोड़ दिये हैं। आज से नहीं, 1964 से और साथ ही दो दफा उन्होंने यह भी कहा कि उस वक्त से वह प्राइवेट सैक्रेटरी के नाते मेरी सेवा कर रहे हैं। 24 जुलाई, को मैंने उनके इस असत्य वक्तव्य पर एतराज किया था।

अपनी बात के समर्थन में मैंने कुछ दस्तावेजी सबूत पेश किए थे, खास तौर से 8 जुलाई, 1965 की डोडसल प्राइवेट लिमिटेड और उप-प्रधान मंत्री के पुत्र तथा प्राइवेट सैक्रेटरी, श्री कांति देसाई के बीच हुआ समझौता, जिसमें श्री कांति देसाई को रु० 2050-00 का मासिक मेहनताना देना तय हुआ था। मैंने यह कहा था कि वह समझौता उस कम्पनी में उनके लड़के की लगातार चल रही नौकरी और कम्पनी के साथ उनके व्यावसायिक सम्बन्ध का सबूत है।

श्री मोरारजी देसाई ने अपने उत्तर में यह दावा किया था कि उस समझौते में कुछ भुगतानों का जिक्र है; और यद्यपि यह भुगतान दिसम्बर, 1960 के समझौते के अन्तर्गत उनके पुत्र को मिली अधिकतम तनख्वाह के बराबर हैं, पर ये भुगतान उनके लड़के द्वारा पहले की गई सेवाओं के बदले में मिलने वाले सेवान्त लाभ के तौर पर, टर्मिनल बेनिफिट की तौर है और वह किसी तरह की नौकरी या व्यावसायिक सम्बन्ध की निशानी नहीं है। उन्होंने कहा था जैसा कि समझौते में बताया गया है, टर्मिनल बेनिफिट का भुगतान उनके लड़के द्वारा पहले की गई बहुमूल्य सेवाओं के लिए है। यह एक तरह का व्यावसायिक मूल्यांकन है, जिसका वह फर्म ही फैसला कर सकती है और माननीय सदन मुझ से यह अपेक्षा नहीं करेगा कि मैं इसके और इस तरह के दूसरे व्यापारिक मामलों की तफसील में जाऊं।

मैंने यह मांग की थी कि यह मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा जाये और समिति श्री कांति देसाई और डोडसल प्राइवेट लिमिटेड आदि के बीच हुए सौदे की जांच करे और सच्चाई का पता लगाए। उप-प्रधान मन्त्री के लिए, जिन पर इस मामले में आरोप था, यह बिल्कुल मुनासिब नहीं था कि वे दस्तावेजों की व्याख्या करने का काम खुद अपने हाथ में ले लेते। आपने अन्त में यह कहा था कि इस मामले के तथ्यों पर विवाद नहीं है और न श्री मोरारजी देसाई ने ही दस्तावेजों की प्रमाणिकता को चुनौती दी है। इसलिए यह सिर्फ व्याख्या और भाष्य का मामला था। और इसका निर्णय प्रधान मंत्री को और सदन को करना होगा।

उप-प्रधान मंत्री ने यह दावा करते समय कि जून, 1964 के बाद उनके लड़के ने कम्पनी के लिए काम करना बन्द कर दिया, हमें यह नहीं बताया कि उनके लड़के ने 1960 का समझौता औपचारिक रूप से खत्म किया है और जून, 1964 और मार्च, 1965 के बीच भुगतान लेना भी बन्द कर दिया है।

किसी तरह के व्यावसायिक और व्यापारिक सम्बन्ध का अस्तित्व निश्चित करने के लिए इस बात का कोई महत्व नहीं है कि उन्होंने कम्पनी के लिए काम करना बन्द कर दिया। महत्व इस बात का है कि इस अवधि में उन्होंने कम्पनी से पैसा लिया या नहीं। अब मैं अपनी बात साबित करने के लिए सबूत पेश करूंगा।

मेरे द्वारा अंकित किये गये दस्तावेज 'अ' में 1 जनवरी, 1965 को डोडसल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा व्यवस्थापकीय पदों पर नियुक्त कर्मचारियों की सूची है और इस दस्तावेज में श्री कांति देसाई का पांचवां नाम है। इससे यह साबित हो जायेगा कि श्री मोरारजी देसाई ने यह सूचित कर सदन को गुमराह किया है कि उनके लड़के जून, 1964 के बाद कम्पनी से अलग हो गए। तथ्य यह है कि उनके प्राइवेट सैक्रेटरी बनने के बाद भी उनके लड़के ने न सिर्फ फर्म के

साथ अपना व्यावसायिक सम्बन्ध जारी रखा, बल्कि कम्पनी के लिए "काम करना बन्द कर देने" के बाद भी वह वही वेतन और वही कमीशन लेते रहे। इस से न सिर्फ यह पता चलता है कि उप-प्रधान मंत्री ने सच बात नहीं कही, बल्कि इससे यह भी साबित होता है कि उनके लड़के की तथाकथित बहुमूल्य सेवा असली अर्थ में सेवा नहीं थी, बल्कि उनके पिता की स्थिति और प्रभाव से ठेके और लाइसेन्स लेने के लिए दी गई रिश्वत या भुगतान था और वे कानूनी तौर पर कम्पनी के कर्मचारी बराबर बने रहे।

श्री कांति देसाई और डोडसल के बीच जून 1964 से मार्च 1965 तक व्यावसायिक सम्बन्धों के जारी रहने सम्बन्धी तथ्य के अलावा मैं ऐसे अकाट्य प्रमाण रखूंगा कि जो यह सिद्ध करेंगे कि उस बीच जबकि 1965 का समझौता लागू था, श्री कांति देसाई को जो पैसा मिल रहा था, वह पेन्शन या टर्मिनल बेनिफिट जैसी कोई चीज नहीं बल्कि सेल्स डायरेक्टर के रूप में उन्हें मिलने वाली तनख्वाह थी। मैं यहां डोडसल कम्पनी के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये फार्म ग्यारह की प्रतिलिपि प्रस्तुत कर रहा हूं।

यह दस्तावेज न केवल "टर्मिनल बेनिफिट" की भ्रांति को तोड़ता है बल्कि डोडसल तथा श्री कांति देसाई के दरम्यान 1965-68 के बीच मालिक कर्मचारी के रिश्ते को भी सिद्ध करता है। पहले "व्यवस्थापकीय पदों का तफसील" नामक फार्म ही लें। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि श्री कांति देसाई कम्पनी के साधारण कर्मचारी नहीं थे, बल्कि ऊंचे तबके के अफसर थे। दूसरे उनका डायरेक्टर आफ सेल्स का पद। तीसरे यह कि इस फार्म में दी गई मासिक रकम जुलाई, 1965 से समझौते के मासिक भुगतान से मिलती है। साथ ही दो हजार पचास रुपए के इस कथित "टर्मिनल बेनिफिट" के लिए "बेसिक सैलरी" शब्द ही काम में लिया गया है, न कि "टर्मिनल बेनिफिट" के लिए जैसा कि उप-प्रधान मंत्री ने दावा किया है। यह शब्द उप-प्रधान मंत्री अथवा उनके कानूनी सलाहकारों की खोज हैं। यह न तो करार में ही हैं और न ही मेरे द्वारा आपको दिए गए 'बी' और 'सी' फार्मों में ही। चौथी बात, कर्मचारी श्री कांति देसाई को बोनस का भी अधिकार था, जोकि समय-समय पर बोर्ड आफ डायरेक्टर्स द्वारा घोषित किया जाना था। पेंशन लेने वाले अथवा टर्मिनल बेनिफिट पाने वालों को बोनस के फायदे नहीं मिला करते, सिर्फ कर्मचारियों को ही बोनस मिला करता है।

इस प्रकार जून, 1964 से अप्रैल, 1965 तक श्री कांति देसाई नौकरी पर रहे और इस बीच उन्हें वही तनख्वाह और कमीशन मिलता रहा जो 1960 के समझौते में उन्हें दिया गया था। फिर अप्रैल, 1965 के बाद वह दो हजार पचास रुपए के वेतन पर डायरेक्टर आफ सेल्स के पद पर काम करते रहे।

इस प्रकार तथाकथित टर्मिनल बेनिफिट की बात कर श्री मोरारजी देसाई ने संसद् और भारत की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है।

उप-प्रधान मन्त्री ने अपने वक्तव्य में कहा है कि "कमीशन फीस का बन्द होना इस बात को सिद्ध करता है कि 1965-68 के बीच किसी व्यापार की आशा नहीं थी।" लेकिन कमीशन का न होना व्यावसायिक सम्बन्धों का न होना साबित नहीं करता। मालिक कर्मचारी के रिश्ते, बोर्ड आफ डायरेक्टर का सदस्य होना तथा और कई व्यावसायिक रिश्ते बिना कमीशन के भी हो सकते हैं। तीन दस्तावेजों में कई व्यावसायिक पदाधिकारियों के नाम हैं, जिनमें से केवल तीन को कमीशन दिया गया है जिनमें दो किला चन्द परिवार के हैं और

[श्री मधु लिमये]

तीसरे श्री कांति देसाई हैं । यह 1960 के समझौते के तहत है । इन दस्तावेजों के अनुसार औरों को कोई कमीशन नहीं मिला है । इसलिए सिर्फ कमीशन का न होना कुछ सिद्ध नहीं करता ।

लेकिन जैसा कि उप-प्रधान मन्त्री जी ने खुद कहा है कि कमीशन का लेना व्यावसायिक सम्बन्धों का एक प्रमाण हो सकता है । अतः उनके पुत्र द्वारा 9—10 महीना तनखाह के साथ कमीशन भी लेना उनके कथनानुसार यह सिद्ध करता है कि जून, 1964 से मार्च 1965 तक डोडसल फर्म के साथ उनका व्यावसायिक सम्बन्ध बना रहा ।

डोडसल के अलावा कांति भाई के कम-से-कम उनके 5–6 रिश्ते हैं कि जिनके बारे में मुझे जानकारी थी और 29 जुलाई को ही मैंने उप-प्रधान मंत्री को उससे अवगत कराया था ।

लेकिन उस के बाद भी उप-प्रधान मंत्री ने 2 अगस्त तक स्वयं पहल करके इस बारे में कोई निवेदन नहीं किया, न अपनी गलत बयानी पर खेद प्रकट किया । 24 जुलाई, को उन्होंने कहा था कि अगर मैं उन के पास जाता तो वे मुझे डोडसल करार की नकलें देते । अगर यही बात थी तो उन्होंने स्वेच्छा से डोडसल वाले तथ्य को 30 अप्रैल से 24 जुलाई तक स्वयं जनता के सामने क्यों नहीं रखा या उस तथ्य से मुझे अवगत क्यों नहीं कराया ? नये दस्तावेजों के बारे में भी उन्होंने न हमें न स्पीकर साहब, आप को कोई जानकारी दी । जब हमने ये तीन नये फार्म, नये दस्तावेज आप के सामने पेश किये तब जाके उन की सत्यता को स्वीकारने के लिए वे मजबूर हुए हैं । आयकर विभाग उन के मंत्रालय के तहत आता है । इनकम-टैक्स कानून की 206 खण्ड के तहत हर कम्पनी को या संस्था को अपने ऐसे मुलाजिमों की फेहरिस्त, जो टैक्स देने वालों की श्रेणी में आते हैं, तथा उन के सम्बन्धी सारा तफसील फार्म नम्बर 24 को भर कर प्रस्तुत करना पड़ता है । वे पता लगा सकते थे कि क्या 1964 से 1968 तक डोडसल कम्पनी के द्वारा कान्ति भाई के बारे में भी एक नौकर के नाते यह जानकारी उन के विभाग को दी जाती थी या नहीं ? लेकिन इस की जांच कर उस सम्बन्ध में सारे तथ्य सदन के सामने रखने का उन्होंने कोई प्रयास नहीं किया । 1964 में कांतिलाल देसाई उनके सचिव बने । लेकिन अप्रैल, 1965 तक उन को तनख्वाह भी मिलती रही और कमीशन भी । उस के बाद तीन साल यानी 1968 तक उनको तनख्वाह और बोनस भी मिलता रहा । इस तरह उप-प्रधान मंत्री ने सदन के सामने झूठ बातें कहीं ।

अध्यक्ष महोदय, मैंने 29 जुलाई के अपने पत्र में उन को जानकारी भी दी थी कि उनके बेटे और सचिव ठाकर्स कम्पनी से जुड़े हुए हैं । यह नई बात मैंने उनको बताई थी । बाद में हम लोगों ने सवाल किया तब उन्होंने कबूल किया कि हां, 31 जनवरी, 1967 तक वे उस कम्पनी के चेयरमैन रहे ।

मेरा ख्याल है कि वह इस तथ्य को भी नहीं काटेंगे कि बाम्बे जनरल ट्रेडिंग कम्पनी के कान्ति भाई 1966 तक मैनेजिंग डायरेक्टर रहे हैं । इस कम्पनी को बिड़ला आदि बड़े-बड़े पूंजीपतियों की एजेंसियां मिलती हैं और आज भी वे ही इस कम्पनी को अपनी पत्नी तथा लड़कों के नाम से चलाते हैं ।

पी० एम० ट्रेडर्स के साथ भी मालिक के रूप में उनका नाता, रिश्ता रहा है । ट्रेड विंग्ज नाम की एक पर्यटन कम्पनी के वह अभी तक डायरेक्टर रहे हैं और विबग्यौर कम्पनी के साथ भी श्री मोरारजी देसाई के निजी सचिव बनने के बाद कई महीनों तक कान्तिभाई का सम्बन्ध ज्यों का त्यों बना रहा । बाम्बे इंडस्ट्रियल एण्ड केमिकल कम्पनी भी उन के और उनके साथी के कब्जे में रही, क्योंकि उस में हिस्सेदार दि बाम्बे जनरल ट्रेडिंग कम्पनी रही है जिसके कांतिभाई अरसे तक मैनेजिंग

डायरैक्टर रहे हैं और वास्तविक दृष्टि से आज भी उसको चलाते हैं । बाम्बे इंडस्ट्रियल एंड केमिकल कम्पनी को बिड़ला गुट के सौराष्ट्र केमिकल्ज तथा केशोराम काटन मिल्स की एजेंसियों तथा कमीशन बराबर मिलता रहता है ।

क्या इन सभी रिश्तों को, जिनका मैंने अभी जिक्र किया, उप-प्रधान मंत्री सांस्कृतिक सम्बन्ध कहेंगे ? क्या यह कलचरल रिलेशंस हैं ? क्या ये सभी व्यापारिक और कारोबार वाले रिश्ते नहीं हैं ? और भी इन के ऐसे बहुत सारे काम हैं और धन्धे हैं कि जिनके बारे में बहुत कुछ कहा जा सकता है ।

यहां यह जानना भी महत्वपूर्ण है कि श्री कान्ति देसाई की फर्म बम्बई जनरल ट्रेडिंग कम्पनी तथा डोडसल के बीच पहला एग्रिमेंट जिस वर्ष में यानी 1956 में हुआ था उस समय श्री मोरारजी देसाई बम्बई के मुख्य मंत्री का महत्वपूर्ण पद संभाले हुए थे । उस के बाद केन्द्रीय सरकार में कामर्स और इन्डस्ट्री का महकमा उन के पास था । फिर जब 1960 में दूसरा करार हुआ तो वे केन्द्रीय वित्त मंत्री थे । इस प्रकार उनके मंत्री होने के कारण उन के बेटे को खुश करने की कोशिश पूंजीपति तथा कम्पनियां लगातार करती रहीं । यही नहीं, 1964 में व उसके बाद, जब वे सत्ता में नहीं थे, उन का गुजरात, उत्तर प्रदेश की सरकारों में तथा व्यापारिक क्षेत्रों में काफी प्रभाव था । मैं यह नहीं कह रहा हूं कि स्वयं श्री मोरारजी देसाई ने पूंजीपतियों से अपने लड़के को एजेन्सियां दिलवाईं । उन के कहने की आवश्यकता ही नहीं थी । उनके कहे बिना, मैं मान लेता हूं कि बिड़ला, रुइयां, किलाचंद आदि ने कान्ति देसाई को व्यापार में काफी सहायता दी । परन्तु इस बात पर कौन विश्वास करेगा कि ये सारी एजेंसियां, कमीशन, तनख्वाह, भत्ता आदि इनको मुख्यतः इस बात के लिए नहीं मिलता रहा है कि वे वित्त मंत्री के नजदीक के रिश्तेदार हैं, बल्कि इसलिए कि वे बहुत काबिल शख्स हैं । वास्तव में उनका बेटा उनके ऊपर या उनके विभाग के ऊपर अपना प्रभाव डाल कर अनुचित काम करवाता है या नहीं, यह एक अलग बात है । मेरे लिए इतना काफी है कि हिन्दुस्तान के पैसे वाले लोग समझते हैं कि कान्ति को खुश करने से, उनको एजेंसी, कमीशन आदि देने से उन को व्यापारिक फायदा होगा । इसलिए श्री मोरारजी का यह कहना कि उनके पदों व प्रभाव से उनके पुत्र को कोई लाभ नहीं मिला है, हास्यास्पद है ।

अध्यक्ष महोदय, अगर श्री मोरारजी देसाई कहेंगे कि बजट के बारे में, बैंक रेट के बारे में उन्होंने कोई बात उनके लड़के को या किसी शेयर बाजार में धंधा करने वाले दूसरे व्यक्ति को नहीं कही थी तो मैं विश्वास करने के लिए तैयार हूं । लेकिन बजट की चर्चा और बैंक रेट की चर्चा उन्होंने जिन इने-गिने अधिकारियों के साथ की थी क्या उनमें से किसी ने यह गुप्त बातें श्री कांति भाई को उनके पुत्र और सचिव होने के कारण नहीं कही होंगी ? अगर सरकार कोई निष्पक्ष कमेटी नियुक्त करे तो बम्बई के शेयर बाजार में धन्धा करने वाले जो तीन व्यापारी हैं उनके और कान्ति में क्या सम्बन्ध थे, उसका रहस्य खुला सकता है । वित्त मंत्री का यह निवेदन कि ये तीन कांतिभाई के मित्र नहीं हैं, गलत है । मेरे कुछ मित्रों ने कहा है कि उनकी हिसाब-किताब की बहियों को देख कर वे सत्य खोज कर निकाल सकते हैं ।

आज इस देश में चारों ओर भ्रष्टाचार फिजूलखर्ची और भाई-भतीजावाद का जो साम्राज्य फैला हुआ है, उसका सब से बड़ा कारण यह है कि स्वतन्त्रता

[श्री मधु लिमये]

के बाद मंत्रियों ने तथा नौकरशाही ने पूंजी और सम्पत्ति के साथ गठबंधन कर अपने रिश्तेदारों को आगे बढ़ाया या कम-से-कम उन के नाम का दुरुपयोग कर आगे बढ़ने पर रोक नहीं लगाई ।

लेकिन मुझे कान्तिभाई के कारनामों में दिलचस्पी नहीं है, मुझे मतलब सिर्फ मोरारजी देसाई की गलत बयानी से है । मुझे आपत्ति इसलिए है कि उन्होंने अपने बेटे को अपना निजी सचिव बनाया । सत्य को छिपाने की तथा असत्य सूचित करने की उन की साजिश का एक नमूना और देखिये । जब उप-प्रधान मंत्री से पूछा गया कि आपने अपने बेटे को, निजी सचिव को इंटरनेशनल मोनोटरी फंड के सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में सलाहकार किस आधार पर बनाया और उन्हें भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सलाहकार के रूप में क्यों भेजा तब उस का उन्होंने अजीबो गरीब जवाब दिया । मैं उनके जवाब से एक ही वाक्य पढ़ता हूं । वे कहते हैं :

"Shri Kantilal Desai was given an Adviser's badge to permit his entry to the precincts of the Conference Hall and to enable him to attend social functions organised in connection with the meetings."

यह इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के बारे में है ।

"The description as an Adviser is a technicality for just this limited purpose."

इस तरह के गम्भीर मामलों को यह कह कर कि वह बिलकुल गम्भीर नहीं हैं या उनका कोई महत्व नहीं है और उन में महज टैकिनिकैल्टी है ऐसा कह कर वह टालने की कोशिश कर रहे हैं ।

इस प्रसंग में मैं इंगलैंड के प्रोफ्यूमो केस की चर्चा करना चाहता हूं जिसमें बरतानिया का संसदीय लोकतंत्र निखरा । उस समय के हाउस आफ कामन्स के प्रस्ताव को उसके लम्बे इतिहास में एक गोरव का क्षण माना जाता है । प्रोफ्यूमो टोरी सरकार में युद्ध मंत्री थे । उन का लड़ाई का रेकार्ड बहुत अच्छा रहा था और वह ब्रिगेडियर के पद पर पहुंचे थे । जैसा कि डेनिंग ने कहा है उन की देशनिष्ठा संदेह के परे थी । फिर भी असत्य भाषण और औचित्य भंग को लेकर उन्हें मंत्रिमंडल से तथा कामन्स से त्यागपत्र देना पड़ा ।

ब्रिटेन के मंत्रिपरषद् के सदस्य राम और सावित्री के अवतार नहीं थे और न ही प्रोफ्यूमो को एक लड़की से रिश्ता रखने के कारण हटना पड़ा । उन्होंने सदन के सामने गलतबयानी की, सदन को गुमराह किया सिर्फ इसीलिए उनको इस्तीफा देना पड़ा । उन के पत्र से यह बिलकुल साफ हो जाता है ।

मैं पूरा नहीं पढ़ रहा हूं क्योंकि मुझे जल्दी खत्म करना है ।

MR. SPEAKER: Conclude now.

SHRI P. G. SEN (Purnea): Let him read the whole thing. Don't stop him. Otherwise, he will bring in another motion. (*Interruptions*)

श्री मधु लिमये : जरा शांति से सुनिये । यह प्रोफ्यूमो साहब का पत्र है प्रधान मंत्री के नाम से ।

SHRI P. G. SEN: He is repeating the same thing.

श्री मधु लिमये : रिपोर्ट कहां कर रहा हूं ।

"Dear Prime Minister,

You will recollect that no 22nd March, following certain allegations made in Parliament, I made a personal statement. To my very deep regret, I have to admit that this was not true and I misled you and my colleagues of the House. I have come to realise that, by this deception, I have been guity of a grave misdemeanour and, despite the

fact that there is no truth whatever in other charges......

यानी सिक्योरिटी वगैरह के बारे में। डेनिंग ने कहा कि देशभक्ति का भी सवाल नहीं है, सिर्फ गलतबयानी का सवाल है।

"....I cannot remain a member of your Administration nor of the House. I cannot tell you of my deep remorse for the embarrassment I have caused to you, to my colleagues in the Government, to my constituents and to the party which I have served for the past 25 years."

यह सब आपको डेनिंग की रिपोर्ट 71-72 पृष्ट पर मिलेगा।

ब्रिटेन की संसदीय गरिमा का प्रमाण सिर्फ यह पत्र नहीं है बल्कि यह तथ्य भी कि इस गलतबयानी को लेकर टोरी सदन नेता श्री मैक्लोड ने स्वयम् कमान्स में उनके खिलाफ—यानी एक ही दल के सदन नेता ने अपने मंत्री के खिलाफ—सदन की अवहेलना का प्रस्ताव रक्खा था और उस को पारित किया गया था। श्री मैक्लोड के लम्बे भाषण का एक ही वाक्य पढ़ कर मैं आपको सुनाना चाहता हूं :

"Some people are surprised, perhaps, that the penalty for a lie should be as as fierce as it is in this case. But no one who cares about the House of Commons can think this for a moment because the whole structure of our life together is built on the fact that although we do not trust each other's policy, we trust each other's words. Therefore, although this is, I admit, a savage blow to the Government and to the public life in this country, it is also, because of that very fact, a blow to the House of Commons too."

हम हमेशा ब्रिटेन की परम्पराओं की बात करते हैं, लेकिन इस उदाहरण को हम अपनी नजर के सामने रक्खें। भारत में लोग धर्म की, मर्यादा की, कर्तव्यपालन की और आश्रम व्यवस्था की चर्चा तो खूब करते हैं, लेकिन जहां गद्दी और पदों का सवाल आता है, उन को छोड़ने के लिये बिल्कुल तैयार नहीं होते। आखिरकार, लोकतंत्र की प्रतिष्ठा के लिये, इस सदन की शान के लिये और लोकतंत्र की रक्षा के लिये उप-प्रधान मंत्री को चाहिये कि प्रोफ्यूमो की तरह वे अपने पद से त्यागपत्र दें और इस सरकार में, नौकरशाही में और दूसरे क्षेत्रों में इससे भी अधिक खराब काम करने वाले जो लोग हैं उनको हटाने का रास्ता हमारे लिये खोल दें और उनके आदर्श पर चलने के लिए अपने उदाहरण से दूसरों को प्रेरणा दें।

इस बहस में सवाल सिर्फ एक है और सीमित, कि क्या उप-प्रधान मंत्री ने सदन को अपने लड़के तथा निजी सचिव के व्यापारी रिश्तों के बारे में गलत जानकारी दी या नहीं। क्या इस गलती को सुधारने का अवसर मिलने पर भी उस गलती को उन्होंने न सिर्फ नहीं सुधारा, बल्कि उस पर चादर डालने की कोशिश की। 12 अगस्त को आगे बढ़ कर उन्होंने तो इस बात से ही इन्कार किया है कि श्री कांतिलाल देसाई उनके प्राइवेट सेक्रेटरी थे।

क्या ऐसे वक्तव्यों से उप-प्रधान मंत्री की और विशेषतः इस सभा की प्रतिष्ठा को ठेस नहीं पहुंची है? इसीलिये मैं चाहता हूं कि वे सिद्धान्तों के लिए तात्कालिकता से ऊंचे उठ कर लम्बान के लिये सोचें। जो लोग श्री मोरारजी देसाई से कुछ पाना चाहते हैं वही उन को यह सलाह दे सकते हैं कि एक असत्य को छिपाने के लिये अन्य असत्वों की पूरी मालिका ही में फंसों, लीपा-पोती करते जाओ, मगर हटो मत।

लेकिन मैं अपने को उनका मित्र मानता हूं, उन की इज्जत करता हूं। मुझे उनसे कुछ लेना नहीं है, लेकिन मैं यह जरूर

(श्री मधु लिमये)

कहूंगा कि इस बात से मुझे बहुत तकलीफ है कि उन के जैसा आदमी आज गलतबयानी कर फिसल रहा है, और अपनी फिसलन से समूचे सार्वजनिक जीवन में हताशा और निराशा पैदा कर रहा है ।

मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यह उचित है कि जब मैंने सार्वजनिक हित में और सदन के अधिकारों और सदन की प्रक्रिया की पवित्रता की रक्षा करने के लिये इस मामले को उठाया तो, उप-प्रधान मंत्री ने निम्न स्तर पर उतर कर उल्टा मेरे बारे में विकृत मनोवृत्ति, रोगोमन तथा बदले की भावना से प्रेरित होना आदि शब्दों का प्रयोग किया ?

इस लिये मेरी गुजारिश है कि उप-प्रधान मंत्री आदर्श के लिये इस्तीफा दें या पालियामेंट्री कमेटी के सामने जायें, और आखिरी बात मैं प्रधान मंत्री के बारे में कहूंगा जो केवल प्रधान मंत्री नहीं हैं, इस सदन की नेता हैं, कि टोरी सदन नेता मैक्लोड की तरह दलीय स्वार्थों को त्याग कर, अपनी जिम्मेदारी को वे निभायें वर्ना हमें इस प्रस्ताव पर वोट करवा कर अपने दायित्व को, अपने फर्ज को निभाना पड़ेगा ।

MR. SPEAKER : Motion moved :

"That this House, having regard to the fact that the Deputy Prime Minister and Finance Minister has made false statements to the House not once but twice on the 30th April and the 24th July, 1968, concerning his son's/Private Secretary's business connection and also the fact that he has not been asked by the Prime Minister to resign, hereby disapproves the conduct of the Deputy Prime Minister and the Prime Minister."

